अंतर- विश्वविद्यालय त्वरक केंद्र
अरुणा आसफ अली मार्ग, नई दिल्ली-110067

संक्षिप्त अनुवाद प्रशिक्षण कार्यक्रम (04 मार्च, 2024 से 08 मार्च, 2024)

अंतर विश्वविद्यालय त्वरक केंद्र **04 मार्च, 2024 से 08 मार्च, 2024** तक **केन्द्रीय अनुवाद ब्यूरो** के सौजन्य से **5 दिवसीय संक्षिप्त अनुवाद प्रशिक्षण कार्यक्रम** आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में कुल **23** प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभागियों को अनुवाद की प्रक्रिया के साथ-साथ राजभाषा नीति और अनुवाद, मानक वर्तनी, वाक्य-संरचना, अनेकार्थी शब्दों के अनुवाद, प्रशासनिक वाक्यांशों एवं अभिव्यक्तियों, पारिभाषिक शब्दावली आदि पर जानकारी प्रदान की गई।

प्रशिक्षण कार्यक्रम पूर्ण होने के पश्चात् केंद्रीय अनुवाद ब्यूरो, राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय की ओर से सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य अधिकारियों/कर्मचारियों को हिंदी की जानकारी देने के साथ-साथ उन्हें उनके कार्यालयीन कार्य में हिंदी की दक्षता एवं कौशल प्रदान करना था।

राजभाषा प्रकोष्ठ, समय-समय पर जारी राजभाषा दिशानिर्देशों को केंद्र में समुचित रूप से लागू किए जाने एवं उनके अनुपालन को सुनिश्चित किए जाने के अपने दायित्व के प्रति सदैव प्रतिबद्ध एवं प्रयासरत है।